शहरी वनीकरण के अन्तर्गत वृहद स्तर पर किया गया वृक्षारोपण

संदेश वाहक न्यूज

शाहजहाँपुर। ककरा कलां में बने अंत्येष्टि स्थल पर मियांवाकी तकनीक पर आधारित सिटी फॉरेस्ट में नगर निगम, शााहजहॉपुर द्वारा वृक्षारोपण जन आन्दोलन-2021 शहरी वनीकरण (मियांवाकी पद्वति) के अन्तर्गत वृहद् स्तर पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर को एक अच्छा वातावरण देने के उद्‌देश्य से नगर निगम क्षेत्र में लगातार वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। ककरा कलां में बने अंत्येष्टि स्थल पर मियांवाकी तकनीक पर आधारित सिटी फॉरेस्ट में विभिन्न प्रजाति के पौधों जैसे- पीपल, बरगद, आम, जगंल जलेवी, कनेर, गुड़हल, जामुन, आंवला इत्यादि पौधों का वृहद् स्तर पर वृक्षारोपण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वित्त, संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग उ0प्र सरकार सुरेश कुमार खन्ना जी द्वारा पीपल का पौधा रोपित किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सासंद अरुण कुमार सागर व राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष मंत्री सुरेन्द्रनाथ वाल्मीकि व महानगर अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता द्वारा सिटी फॉरेस्ट में वृहद् स्तर पर वृक्षारोपण किया गया। नगर श्री खन्ना ने नगरवासियों से नगर में सफाई व्यवस्था में सहयोग करने के

वृक्षारोपण के बारे में जानकारी देते जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह

लिये व नगर को एक अच्छा वातावरण देने के उद्देश्य से एवं पर्यावरण बचाने के लिये हर व्यक्ति द्वारा 02 पौधें अवष्य लगाये जाने की अपील की गई। जिससे नगरवासियों को शुद्व ऑक्सीजन प्राप्त हो सकें। इसी क्रम में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा गया कि पौधा लगाने से न सिर्फ वातावरण शुद्व होता है, वृक्षारोपण (मियांवाकी पद्वति) के अन्तर्गत किया गया है। नगर आयुक्त ने बताया गया कि शासन की मंषा के अनुसार नगर निगम ने 13000 पौधें लक्ष्य के सापेक्ष आज 50 प्रतिषत पौधें लगाये गये है, शेष पौधों हेतु जल्द ही वृक्षारोपण किया जायेगा। नगर आयुक्त ने बताया गया कि शहीद पार्क (जैव विविधता पार्क) में (मियांवाकी पद्वति) के अन्तर्गत गत 09 माह पहले रोपित किये गये पौधें आज स्वच्छ वातावरण के साथ-साथ आर्कषण का केन्द्र भी बन रहें है। कार्यक्रम में नगर के सम्भ्रान्त नागरिकगण उपस्थित रहें।